# भिलाई इस्पात संयंत्र

## राजभाषा विभाग

क्रमांक : राजभाषा/प्रतियोगिता/2025/159 दिनांक : 27/11/2025

## परिपत्र

**विषय : भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर नराकास, भिलाई-दुर्ग स्तरीय नारा प्रतियोगिता का आयोजन।**

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा **'ऑपरेशन सिंदूर'** विषय पर 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय 'नारा प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु नराकास, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के नियमित कार्मिकों (कर्मचारी व अधिकारी) से स्वरचित एवं अप्रकाशित मौलिक नारे आमंत्रित किए जाते हैं।

| **प्रतियोगिता के नियम व शर्तें** | |
|---|---|
| विषय | **'ऑपरेशन सिंदूर'** |
| पात्रता | नराकास, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के समस्त नियमित कार्मिक (कर्मचारी व अधिकारी)। |
| नियम | एक प्रविष्टि में अधिकतम 05 नारे स्वीकार किए जाएंगे। नारे हिंदी भाषा में ही स्वीकार किए जाएंगे। शब्द सीमा - अधिकतम 40 शब्द। प्रतिभागी नारे में किसी भी स्थान पर अपनी कोई भी पहचान जैसे नाम, संस्थान/विभाग, मोबाइल नंबर आदि का विवरण न लिखें, अपितु पहचान पर्ची में निर्धारित स्थान पर ही विवरण दर्ज करें। |
| पहचान पर्ची | प्रविष्टि के साथ पहचान पर्ची, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पदनाम, विभाग, संस्थान का नाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल होना अनिवार्य है। (प्रारूप संलग्न) |
| अंतिम तिथि एवं माध्यम | प्रविष्टि केवल सॉफ्ट कापी में Word doc/PDF/JPEG फॉर्मेट में अथवा स्पष्ट रूप से सुपाठ्य, काली स्याही से हस्तलिखित नारा की स्कैण्ड कॉपी राजभाषा विभाग को ई-मेल द्वारा bsprajbhasha@gmail.com पर **अंतिम तिथि 05/12/2025** तक पहचान पर्ची के साथ भेजें। |
| मूल्यांकन | मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, उनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। वैचारिक स्तर व व्यापकता, भाषा व शब्द, प्रभावोत्पादकता, समग्र प्रभाव एवं विषय से अनुकूलता के आधार पर अंक प्रदान किए जाएंगे। |
| पुरस्कार | 1-प्रथम, 1-द्वितीय, 1-तृतीय एवं 05-सांत्वना तथा प्रमाण पत्र। |
| विशेष | उच्च क्रम में पुरस्कृत नारों को नराकास की पत्रिका 'महानदी' में प्रकाशित किया जाएगा। |
| संपर्क | अधिक जानकारी के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग के दूरभाष क्रमांक 0788-2861017 / 2850831 / 2860682 पर संपर्क किया जा सकता है। |

(जितेन्द्र दास मानिकपुरी)
उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन - राजभाषा)
भिलाई इस्पात संयंत्र

**वितरण** : (ई-मेल द्वारा)

(1) नराकास, भिलाई-दुर्ग के माननीय सदस्यगण।

(2) नराकास, भिलाई-दुर्ग के राजभाषा अधिकारीगण।

-----ooooo-----

# <u>पहचान पर्ची</u>

**विषय : 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर नारा प्रतियोगिता**

**(अंतिम तिथि : 05/12/2025)**

| | |
|---|---|
| **प्रतिभागी का नाम** | |
| **पदनाम** | |
| **विभाग** | |
| **संस्थान का नाम** | |
| **मोबाइल नंबर** | |
| **ई-मेल** | |

**प्रतिभागी के हस्ताक्षर**

**संस्थान प्रमुख / राजभाषा अधिकारी**
**के मुहर सहित हस्ताक्षर**

-----ooooo-----